9308208 परिपत्र-1314105 2146

पत्र संख्या-स0द0-25क-ट्राजिट पास/ 2013-14/ / वाणिज्य कर,

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर
(सचलदल अनुभाग)
उत्तर प्रदेश
लखनऊ :: दिनांक :: दिसम्बर 20 2013

**समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर /**
**एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2(वि0अनु0शा0)/**
**ज्वाइंट कमिश्नर ( वि0अनु0शा0)/(कार्यपालक )**
**वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।**

आप अवगत है कि बहती के माध्यम से हो रहे करापवंचन को रोकने के लिए आदेश सं0-सचलदल-ट्रांजिट पास -2013-14/ 1341 / 1314041 / वाणिज्य कर दिनांक 03-09-2013 एवं आदेश संख्या-ट्रांजिट पास -2013-14/ 1556 / 1314054 / वाणिज्य कर दिनांक 01-10--2013 द्वारा पूर्व में पारगमन प्रक्रिया को संशोधित करते हुये नई प्रक्रिया कार्यरुप में लायी गयी है। वर्तमान में प्रभावी इस प्रक्रिया के अन्तर्गत प्रान्त बाहर से प्रान्त अन्दर होकर प्रान्त बाहर जाने योग्य माल के लिए वाहन / माल के प्रान्त में प्रवेश करने से पूर्व टी0डी0एफ0-1 में प्रथम बार वाहन का रजिस्ट्रेशन कराने संबंधी प्रविष्टियों के साथ-साथ माल से सम्बन्धित विवरण, रुट , प्रदेश में प्रवेश तथा निकासी के स्थान की प्रविष्टियॉ किया जाना अपेक्षित है । माल से सम्बन्धित वजन की भी प्रविष्टि अंकित किया जाना है। टी0डी0एफ0-1 के प्रारुप को आन लाइन अपलोड किया जाना है । अपलोड कर प्राप्त किये गये टी0डी0एफ0-1प्रारुप के साथ-साथ माल से सम्बन्धित अन्य प्रपत्रों का भी माल के परिवहन के समय उपलब्ध रहना आवश्यक है।

इसी प्रकार वास्तव में माल प्रान्त बाहर चला गया है, के सम्बन्ध में टी0डी0एफ0-1 की खरिजी के लिए टी0डी0एफ0-2 अपलोड किया जाना अनिवार्य है। टी0डी0एफ0-2 में इस प्रक्रिया के अन्तर्गत प्रान्त के समीपस्थ प्रान्त के अन्दर जिन 41 स्थानों का चयन किया गया है , उनके निकट संचालित धर्मकॉटों से संबंधित सूचना मुख्यालय पर उपलब्ध करायी गयी है , जिसकी सूची इस पत्र के साथ संलग्न है।

मुख्यालय स्तर पर इस आशय की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि कतिपय प्रकरणों में वास्तव में प्रान्त बाहर से आकर प्रान्त बाहर जाने वाले माल को प्रान्त बाहर नहीं ले जाया जा रहा है । माल उत्तर प्रदेश में ही उतार दिया जाता है तथा टी0डी0एफ0-2 में भरने हेतु फर्ज़ी रुप से धर्मकॉटों की रसीद जारी कराकर खाना पूर्ति की जा रही है।

इसं संदर्भ में आपसे अपेक्षित है कि कृपया अपने जोन के अन्दर संचालित किये जा रहे धर्मकॉटों का निरीक्षण इस आशय से करा लें कि वह पूर्णत: संचालित हैं । इन धर्मकॉटों पर जिन रसीदों का विवरण अंकित करते हुये टी0डी0एफ0-2 में अपलोड किया जा रहा है , वह वास्तव में वाहन के माल सहित वहॉ पर पहुॅचने पर वजन कराने के बाद अंकित किया जा रहा है अथवा कही इसकी आड़ में करापवचन तो नही किया जा रहा है । इस प्रकार किये जा रहे करापवंचन के प्रकाश में आने पर अपने स्तर से आवश्यक विधिक कार्यवाही सुनिश्चित कराने के साथ साथ कृत कार्यवाही से पाक्षिक रुप से सचलदल अनुभाग मुख्यालय को अवगत करायें। प्रगति शून्य होने पर भी शून्य सूचना संबंधी पाक्षिक रिपोर्ट उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है।

इसी प्रकार जिन जोन की सीमा अन्य राज्यों से लगती हैं , उनसे यह कार्यवाही भी अपेक्षित है कि ऐसे राज्यों के प्रदेश के निकटवर्ती सीमावर्ती क्षेत्र से संबंधित TDF-1 में घोषित किए जा रहे जा रहे

mu

धर्मकाँटों के संबंध में यह जानकारी कर लें कि वे वास्तव में कार्यरत भी हैं या नहीं या केवल कर अपवंचना के उद्देश्य से इनकी घोषणा TDF-1 में की जा रही है। इनके जाँच परिणामों के आधार पर प्रकाश में आए तथ्यों से मुख्यालय को भी अवगत कराना सुनिश्चित करें ताकि ऐसी सूचना का प्रेषण अन्य जोन में कार्यरत प्रवर्तन अधिकारियों के उपयोगार्थ किया जा सके।

उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जाए।

**संलग्नक- यथोपरि।**

Mk 20.12.2013
(मृत्युंजय कुमार नारायण)
कमिश्नर, वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश।

| क्र0 संख्या | निर्गमन स्थान | धर्मकाँटे का नाम व पता | फोन नंबर | निर्गमन केन्द्र से दूरी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मोहननगर (जनपद गाजियाबाद) | जय हनुमान धर्मकाँटा<br>माँ वैष्णो धर्मकाँटा, | 0120-656610<br>9811058359 | 500 मीटर |
| 2 | लोनी (जनपद गाजियाबाद)) | रतन धर्मकाँटा, ट्रोनिका सिटी, लोनी | 0120-2696753 | 500 मीटर |
| 3 | विजय नगर(जनपद गाजियाबाद) | नीलम धर्मकाँटा, | 9953828437 | चेकपोस्ट के बगल में |
| 4 | रुपईडीह (जनपद बहराइच) | अफजल कम्प्यूटराईज्ड धर्मकाँटा नई बाजार, बाबा गंज, नानपारा, बहराइच | - | 07 किमी0 |
| 5 | गौरीफन्टा (जनपद खीरी लखीमपुर) | पलिया धर्मकाँटा, भीरा रोड, पलिया लखीमपुर खीरी | 05871233248<br>09918901816 | 38 किमी0 |
| 6 | I.C.D नोएडा (जनपद गौतमबुद्धनगर) | श्री राधाकृष्ण धर्मकाँटा, तिलपता दादरी रोड ग्रेटर नोएडा | 09458292926 | 25 मीटर |
| 7 | फतेहपुरसीकरी (जनपद आगरा) | महाबली कम्प्यूटर धर्मकाँटा, ग्राम- कराही, फतेहपुर सीकरी | 9784578211 | शून्य किमी 0 |
| 8 | सैय्या (जनपद आगरा) | देवेन्द्र एण्ड सन्धू धर्मकाँटा, नगला नथरौल, ग्वालियर रोड आगरा | 8938894221 | 10 किमी 0 |
| 9 | बभनी ((जनपद सोनभद्र)) | नवीन धर्मकाँटा, निकट पुलिस स्टेशन, बभनी | 9450166366 | |
| 10 | औड़ीमोड़ (जनपद मिर्जापुर) | अनपरा धर्मकाँटा, डिबूलगंज, अनपरा | 9415231566 | |
| 11 | चाकघाट (जनपद इलाहाबाद) | गुलाटी धर्मकाँटा, घूरपुर<br>टाटा धर्मकाँटा, | 9453461442,<br>9889092583 | 20 किमी<br>32 किमी0 |
| 12 | ड्रमण्डगंज (जनपद मिर्जापुर) | अग्रवाल फुल्ली कम्प्यूटराइज्ड धर्मकाँटा ; भैसोड़, मीरजापुर | 7752932064 | |
| 13 | आमडण्डा (जनपद बरेली) | हिमालय धर्मकाँटा ; ग्राम मुड़िया, मुकर्नपुर, आम टाण्डा बहेड़ी, बरेली | 0912402451 व<br>9837047363 | 08 किमी0 |
| 14 | मझोला (जनपद पीलीभीत) | इण्डियन धर्मकाँटा टनकपुर रोड, न्यूरिया, हुसेनपुर पीलीभीत | 9837551620 व<br>9719695244 | 08 किमी0 |
| 15 | अमरिया (जनपद पीलीभीत) | राधा कृष्ण कम्प्यूटराईज्ड धर्मकाँटा, सितारगंज रोड, अमरिया, पीलीभीत (राम लीला मैदान के पास) | 09897316600 व<br>08057178455 | 10 किमी0 |
| 16 | नौबतपुर (जनपद चंदौली) | महादेव वेब्रिज, जी0टी0रोड, करही, नौबतपुर<br>जायसवाल धर्मकाँटा, ओल्ड जी0टी0रोड, नौबतपुर<br>रिलायंस वेब्रिज, जी0टी0रोड, नौबतपुर<br>अग्रवाल धर्मकाँटा जी0टी0रोड, नौबतपुर<br>जवाहर धर्मकाँटा जी0टी0रोड, नौबतपुर<br>उत्तम धर्मकाँटा, जी0टी0रोड, नौबतपुर | 9956298528<br>9125023163<br>9956298528<br>9621701143<br>9838398220<br>9415872724 | 04 किमी0<br>5 किमी0<br>1.5 किमी0<br>1 किमी0<br>1.5 किमी0<br>2 किमी0 |
| 17 | भरौली (जनपद बलिया) | बालाजी धर्मकाँटा, नरहुर चितबड़ागाँव, बलिया | 7897520660 | |
| 18 | बारा (जनपद गाजीपुर) | कामाख्या धर्मकाँटा, नियर भदौरा क्रासिंग, भदौरा, गाजीपुर | 8451344733 | 25 किमी0 |
| 19 | मैरपुर (जनपद बागपत) | शिव सारथ्य धर्मकाँटा कलेक्ट्रेट के सामने बड़ौत रोड, बागपत | 09536860458 | 4 से 5 किमी0 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 20 | शाहजहापुर (जनपद सहारनपुर) | आर्य धर्मकाँटा, शाहजहापुर, सहारनपुर<br>दाता धर्मकाँटा, शाहजहापुर, सहारनपुर<br>यमुना जी धर्मकाँटा, शाहजहापुर, सहारनपुर<br>शिवम धर्मकाँटा, शाहजहापुर, सहारनपुर | 9758705783<br>9761043103<br>9720435729<br>9719878286 | 200 मीटर<br>150 मीटर<br>300 मीटर<br>120 मीटर |
| 21 | बड़कला (जनपद सहारनपुर) | जय भगवती धर्मकाँटा, बड़कला रुड़की रोड सहारनपुर | 9720513514 | 100 मीटर |
| 22 | कैराना (जनपद मुजफ्फरनगर) | सत्यम धर्मकाँटा, कैराना- पानीपत रोड, निकट यमुना ब्रिज, ककोट मूढी, कैराना | 7895647648 व 9997969269 | 01 किमी0 |
| 23 | हरिनगर (जनपद मुजफ्फरनगर) | भारत धर्मकाँटा, स्थान कस्बा हरिनगर, बिडोली -मेरठ रोड, शामली | 9729579795 व 9012351668 | 01 किमी0 |
| 24 | भूराहेड़ीग्राम (जनपद मुजफ्फरनगर) | रिलायंस धर्मकाँटा, निकट पीर दुरकाजी, मुजफ्फरनगर | 98977213082 | 01 किमी0 |
| 25 | रक्सा (जनपद झाँसी) | गुप्ता धर्मकाँटा, रक्सा थाने के सामने शिवपुरी रोड रक्सा | 9956243522 | 3 किमी0 |
| 26 | मसौरा (जनपद ललितपुर) | सदनशाह धर्मकाँटा, पुरानी झाँसी रोड, ललितपुर | 9795535443 | 8 किमी0 |
| 27 | श्रीनगर (जनपद महोबा) | रामेश्वर धर्मकाँटा, सेलटैक्स आफिस के पास, महोबा | 9889688611 | 20 किमी0 |
| 28 | तमकुहीराज (जनपद कुशीनगर) | अम्बे धर्मकाँटा एन0एच0-28 तमकुहीराज, कुशीनगर | 9415285213 | 6 किमी0 |
| 29 | सोनौली (जनपद महराजगंज) | लक्ष्मी राइस मिल, पुरैनिया, नौतनवाँ, महाराजगंज | 9415211699 | 4 किमी0 |
| 30 | बढ़नी (जनपद सिद्धार्थनगर) | निदा धर्मकाँटा इटवा रोड बढ़नी सिद्धर्थनगर, | 9450560756 | 2 किमी0 |
| 31 | ठाकुरद्वारा (जनपद मुरादाबाद) | बाबू अब्दुल सलाम, कम्प्यूटराईज्ड धर्मकाँटा, रतुपुरा मोड़ के पास स्योहारा रोड, ठाकुरद्वारा<br>श्री सिद्ववली धर्मकाटा निकट काशीपुर चुगी ठाकुर द्वारा<br>ताज इलेक्ट्रानिक धर्मकाँटा, सुभाष इन्टर कालेज के पास, स्योहारा रोड, ठाकुर द्वारा | 9411029004<br>941246244<br>9756449083 | 2 किमी0<br>800 मीटर<br>2किलोमीटर |
| 32 | कौशलगंज (जनपद रामपुर) | कौशल गंज धर्मकाँटा, रुद्रपुर हाईवे बिलासपुर, रामपुर | 9837773866 | 50 मीटर |
| 33 | भागूवाला (जनपद बिजनौर) | सर्वश्री सहदेव धर्मकाँटा,हरद्वार रोड भागूवाला | 01341-220450 | 100 मीटर |
| 34 | कौड़िया (जनपद बिजनौर) | **यू0पी0 में धर्मकांटा नही** | | |
| 35 | कोटवन (जनपद मथुरा) | श्रीलक्ष्मी धर्मकाँटा कोटवन (जनपद मथुरा) | 05662-231441 व 9837020095 | 300 मी0 |
| 36 | मुगर्रा (जनपद मथुरा) | जय शिवशंकर धर्मकाँटा, मुगर्रा मथुरा | 9412281490 | 1 किमी0 |
| 37 | उदी (जनपद इटावा) | उदी चौराहे से 500 मी0 दक्षिण की तरफ | 9412283422 | 500 मी0 |
| 38 | विण्डमगंज (जनपद सोनभद्र) | छिन्न मस्तिकेश्वरी कम्प्यूटराईज्ड धर्मकाँटा, राबर्टगंज | | 90 किमी0 |
| 39 | अम्बावाय (जनपद झाँसी) | **यू0पी0 में धर्मकांटा नही** | | |
| 40 | बरुआसागर (जनपद झाँसी) | **यू0पी0 में धर्मकांटा नही** | | |
| 41 | मेहरौना (देवरिया) | शिवम धर्मकाँटा जमुआ नंबर - 2 सलेमपुर | 9415320925 | 25 किमी0 |